तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

12 विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत डीसी...



13 नीट पेपर लीक के मुद्दे को लेकर कलायत में नेशनल...



केंद्र के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आईटीआई में लगाया रोजगार मेला

मेले में विभिन्न निजी कंपनियों ने भाग लिया

## रोजगार मेले में 58 युवाओं को मिले जॉब ऑफर लेटर, चेहरे पर दिखी खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कैथल में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अपराजिता के मार्गदर्शन में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. रितु चहल ने बताया कि मेले में विभिन्न निजी कंपनियों ने भाग लिया और युवाओं का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई।

### कुल 74 इच्छुक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया



रोजगार मेले में कुल 74 इच्छुक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 58 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। डॉ. रितु चहल के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों में 5 युवाओं को एलआईसी जीवन बीमा कैथल, 42 युवाओं को स्वराज इंजन लिमिटेड फेज-9 मोहाली, 6 युवाओं को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कैथल तथा 5 युवाओं को भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड कैथल में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर युवाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप योग्य मानव संसाधन उपलब्ध करवाना है।

नई अनाज मंडी में हुई योग प्रोटोकॉल फाइनल रिहर्सल

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे कार्यक्रम

## कल के जिला स्तरीय समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री करेंगे शिरकत : एडीसी

**जींद।** 12वें अंतरररष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को की नई अनाज मंडी के प्रांगण में योग प्रोटोकॉल की फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कौशिक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान सिंह मानए नगराधीश मोनिका रानी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, डा. योगेश कुमार, राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक, एईओ मनीष बेरवाल, डीपीओ सीमा रोहिल्ला, डीसीपीओ सुजाता समेत सरकारी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा हजारों की संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया



**जींद।** शिविर में योग करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार व एसडीएम सत्यवान मान तथा अन्य।

एडीसी प्रदीप कौशिक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से 21 जून को योग दिवस पर सुबह छह बजे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रहेगी । 21 जून को नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर नवनीत, ऊषा व सुमित योग प्रशिक्षकों ने योग क्रियाएं कर उपस्थित जनो का योगाभ्यास करवाया। रिहर्सल के दौरान एडीसी ने कार्यक्रम स्थल पर योग दिवस की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा प्रतिभागियों को कार्यक्रम के सफल संचालन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### खबर संक्षेप

#### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज

जींद। गांव मनोहरपुर से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।गांव मनोहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

#### रंजिशन हमला करने पर तीन नामजद

जींद। गांव दरियावाला में रंजिशन तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दरियावाला निवासी आजाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी भरथ सिंह परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर भरथ सिंह परिवार ने उसके साथ मारपीट की और तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने आजाद की शिकायत पर भरथ सिंह, उसकी पत्नी तथा विरेंद्र पर मामला दर्ज किया है।

#### भूमि विवाद में फायरिंग का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने जमीनी विवाद में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव फतेहगढ़ निवासी विनोद तथा गांव के ही निशांत परिवारों के बीच गुरूवार को कहासुनी हो गई। उसी समय विनोद ने लाइसेंसी रिवाल्वर से हवाई फायर कर दिया। निशांत ने पुलिस को बताया कि उसने जमीन गांव के ही एक व्यक्ति को ठेके पर दी हुई है। इसी बात को लेकर चाचा विनोद उसके परिवार के साथ विवाद करता है। उसने खेत की डोली एवं सरकारी नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना जुलाना पुलिस ने गांव फतेहगढ़ निवासी विनोद को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एक लाइसेंसी 32 बोर रिवाल्वर, पांच जिंदा कारतूस, एक खाली खोल व शस्त्र लाइसेंस बरामद किया है।

# नीट :आज और कल स्पेशल बसें चलाएगा रोडवेज विभाग

## परीक्षार्थियों को बस परिचालक को दिखाना होगा एडमिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/कैथल

*अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचाने के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। रोडवेज मुख्यालय की ओर से परीक्षार्थियों के लिए दो दिन स्पेशल बस चलाए जाने का फैसला लिया गया है। रोडवेज विभाग के अनुसार नीट परीक्षा को देखते हुए कुरुक्षेत्र, जींद, करनाल और कैथल रूट पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा।*

नीट परीक्षार्थियों को लेकर रोडवेज द्वारा 20 व 21 जून को दो दिन परीक्षा केंद्र तक ले जाने के लिए स्पेशल बस चलाएगा। इस दौरान अभ्यर्थियों को परिचालक को एडमिट कार्ड दिखाना होगा। इसके बाद परिचालक द्वारा जीरो बैलेंस की टिकट भी जारी की जाएगी।

मुख्यालय ने दो दिन के दौरान कितने अभ्यर्थियों को जीरो बैलेंस की टिकट जारी की। इसका रिकार्ड भी रखना होगा। जींद में होने वाली परीक्षा को लेकर शहर में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें डिफेंस कालोनी राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, राजकीय इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी महिला कालेज, राजकीय पीजी कालेज, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व चौधरी रणबीर सिंह विवि शामिल हैं। कैथल बस अड्डे पर 10 अतिरिक्त बसें रिजर्व रखी गई हैं।



**जींद।** जींद बस अड्डा पर खड़ी रोडवेज बसें।

### रोडवेज ने स्पेशल रोड मैप तैयार किया

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में दो ब्लाक को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज ने स्पेशल रोड मैप तैयार किया है। इसमें से एक बस स्पेशल चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के लिए चलाई जाएगी। वहीं दूसरी बस अन्य परीक्षा केंद्रों को कवर करेगी। रविवार को होने वाली परीक्षा में तीन हजार से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे। राजकीय पीजी कालेज में 600, राजकीय प्रियदर्शिनी महिला कालेज में 594, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय में बने दो ब्लाक में 576 व 528, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 408 व डिफेंस कालोनी स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 312 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचाने के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत रोडवेज मुख्यालय की ओर से परीक्षार्थियों के लिए दो दिन स्पेशल बस चलाए जाने का फैसला लिया गया है।

### परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पर्याप्त संख्या में तैनात रहेगा। जिला कंट्रोल रूम के कक्ष संख्या 211 से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, स्मार्ट वाच, कैलकुलेटर और पेन ड्राइव जैसे सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ज्योमेट्री बाक्स, राइटिंग पैड, स्केल, इरेजर, वालेट, बैग, बेल्ट, टोपी व किसी भी प्रकार के धातु के आभूषण परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### जीरो बैलेंस की टिकट जारी होगी

जींद डिपो के रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि नीट परीक्षा को लेकर रोडवेज मुख्यालय ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में बस चलाने का निर्णय लिया है। यह बस अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर जाएगी। अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड दिखाना होगा। जिसके बाद परिचालक द्वारा जीरो बैलेंस की टिकट जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### कैथल में 1841 परीक्षार्थी नीट परीक्षा देंगे

कैथल जिला प्रशासन के अनुसार इस वर्ष कैथल जिले में कुल 1841 परीक्षार्थी नीट परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण संचालन के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। एडीसी सुशील कुमार को परीक्षा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आठ ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जिनमें तीन अधिकारियों को रिजर्व रखा गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जिम्मेदारी सौंपी जा सके।

### कैथल जिले में ये बने परीक्षा केंद्र

- डॉ. बी.आर. आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, जगदीशपुरा
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कमेटी चौक
- जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम
- पीएम श्री जीजीएसएसएस, जखोली अड्डा
- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता भवन

## पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए

कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया की जिला में 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु कैथल पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के दिशा-निर्देशानुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जिले में बनाए गए कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थलों पर ही करवाई जाए तथा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। मुख्य मार्गों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित कर निर्बाध यातायात संचालन को प्राथमिकता दी गई है, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहायता हेतु विशेष संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए डीएसपी सुशील प्रकाश के मोबाइल नंबर 9053052105 तथा डीएसपी रमेश चंद्र के मोबाइल नंबर 9053052101 से संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय से पहले केंद्र पर पहुंचे, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

- परीक्षार्थी व उनके परिजन किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस से कर सकते है संपर्क

## गांजा सहित नशा तस्कर को पकड़ा

पुलिस आरोपित से नशा नेटवर्क के बारे में कर रही पूछताछ

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ जींद ने भिवानी रोड से 427 ग्राम गांजा सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए नशा तस्कर से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।



पुलिस गिरफ्त में तस्कर नरेश।

डिटेक्टिव स्टाफ जींद के ईचांर्ज निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम पीएसआई अमित कुमार के नेतृत्व में भिवानी रोड पर गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली की एक व्यक्ति विकास नगर के पास काले रंग की पॉलिथीन में नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है और उसे बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिसकर्मियों को देख भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने तत्परता से उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अजमेर बस्ती निवासी नरेश के रूम में बताई। आरोपित के पास से गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन कुल 427 ग्राम पाया गया।

### 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

जींद। सीआईए नरवाना ने चमेला कालोनी निवासी संदीप उर्फ सिंधु को 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी एक टीम सहायक उपनिरीक्षक रणधीर सिंह के नेतृत्व में वीरवार को मेला मंडी गेट नरवाना के आसपास मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि चमेला कालोनी निवासी संदीप नशा तस्करी का काम करता है। वह इस समय मितासो स्कूल के पास हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में खड़ा है। सीआईए टीम तुरंत हरकत में आई और मितासो स्कूल के नजदीक रेड करके आरोपित को मौके से काबू कर लिया। मौके पर नायब तहसीलदार को बुला कर आरोपित की तलाशी ली तो उसकी पेंट की जेब से दस ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

▶▶ दिए गए चेक हुए बाउंस, राशि लौटाने व धमकी देने का आरोप

## आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 14.25 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 14 लाख 25 रुपये हड़पने पर अलेवा थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव चौचड़ा (करनाल) निवासी बलिंद्र व उसके साथियों ने असंध तथा कैथल में विदेश भेजने का कार्यालय खोला हुआ है। गांव के ही युवक के माध्यम से वह आरोपितों के संपर्क में आया। आरोपितों से मिला तो अस्ट्रेलिया भेजने के लिए तीस लाख की डिमांड की। उसने 11 लाख 82 हजार 850 आरोपितों के खाते में डाल दिए।

### पुलिस ने छह पर केस दर्ज किया

आरोपितों के झांसे में आकर कुल मिला कर वह आरोपितों को 14 लाख 25 हजार रुपये दे चुका था। सात मार्च 2022 को आरोपितों ने उसे एक टिकट भेजी। 23 मार्च को दुबई की फ्लाइट है। फिर आरोपितों ने कहा कि टिकट कैंसिल हो चुकी है। जब पैसे वापस मांगे तो आरोपित ने 22 अगस्त 2025 को 15 लाख के चैक दिए। वे बाउंस हो गए। आरोपितों ने राशि वापस नहीं लौटाई और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। अलेवा थाना पुलिस ने मनदीप की शिकायत पर गांव चौचड़ा निवासी बलिंद्र, उसकी पत्नी, राजेंद्र, गांव मनाना (मोहाली) निवासी नरेश कुमार, सिमरनजीत सिंह उसकी पत्नी, राजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी मोहन पाल ने बताया कि फिलहाल छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी उड़ाई

**कैथल।** हरिद्वार दर्शन के लिए परिवार के मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। अर्जुन नगर क्षेत्र में हुई इस वारदात में चोर करीब चार लाख मूल्य के सोने के आभूषण, एक लाख की चांदी तथा ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर थाना शहर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन नगर खनौरी रोड निवासी मदन लाल ने बताया कि वह 14 जून की रात करीब 10 बजे अपने परिवार के साथ हरिद्वार घूमने के लिए गए थे। घर से निकलते समय उन्होंने सभी दरवाजों पर ताले लगाए थे। 18 जून की सुबह उनकी मकान मालकिन मीनू पत्नी दीपक वर्मा का फोन आया कि मकान का ऊपरी दरवाजा खुला हुआ है और नीचे लगे ताले भी गायब हैं। सूचना पर वह उसी रात परिवार सहित वापस घर पहुंचे। घर के अंदर प्रवेश करने पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर करीब 36 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर ले गए हैं। इनमें सोने के सिक्के, टॉप्स, चेन-लॉकेट, नथ तथा अन्य कीमती जेवर शामिल हैं। इसके अलावा चोर करीब 500 ग्राम चांदी के सामान भी ले गए। चोरी हुए सामान में चांदी का कड़ा, पाजेब, अंगूठी तथा भगवान श्रीकृष्ण की चांदी की बांसुरी शामिल है।

नागरिक अस्पताल लैब में मरीजों की आवाजाही बंद करने की कवायद

## लैब के पास अलग से सैंपल लेने व रिपोर्ट देने के लिए कैबिन बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की लैब में रोजाना आने वाले मरीजों की भारी भीड़ और अनियंत्रित आवाजाही को देखते हुए स्वास्थ्य प्रशासन ने लैब के अंदर मरीजों के प्रवेश पर रोक लगाने को लेकर कार्य योजना तैयार की है। लैब के ठीक पास अलग से सैंपल कलेक्शन और रिपोर्ट डिलीवरी के लिए कैबिन बनाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे लैब का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

वर्तमान में लैब के अंदर ही सैंपल लेने, जांच करने और रिपोर्ट देने का काम होता है। इससे लैब में मरीजों की लगातार आवाजाही बनी रहती है, जो टेक्नीशियन्स के काम और रिपोर्टिंग प्रक्रिया को बुरी तरह प्रभावित करती है।



**जींद।** लैब के अंदर मौजूद लोग। *फोटो : हरिभूमि*



**जींद।** लैब के बाहर रिपोर्ट का इंतजार करते मरीज।

### रोज लिए जाते हैं 600 से 700 सैंपल

नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन ओसतन 1800 तक की ओपीडी होती है। वहीं लैब में प्रतिदिन 600 से 700 सैंपल लिए जाते हैं। सुबह के समय लैब के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं और अंदर मरीजों की भीड़ रहती है। इससे न सिर्फ लैब स्टाफ पर दबाव बढ़ता है बल्कि जांच की गुणवत्ता और गति दोनों प्रभावित होती है। जबकि लैब एक संवेदनशील जगह है जहां साफ-सफाई, शांति और एकाग्रता बेहद जरूरी है। मरीजों और उनके तीमारदारों की लगातार आवाजाही से संक्रमण का खतरा भी बढ़ता है।

### सैंपल लेने तक में आती है दिक्कत

लैब टेक्नीशियन ने बताया कि लैब के अंदर भीड़ के कारण कई बार सैंपल हैंडलिंग में दिक्कत होती है। अलग कैबिन बनने से आसानी से सैंपल लिए जा सकेंगे। इससे लैब में न सिर्फ व्यवस्था बनेगी बल्कि मरीजों की सुविधा के साथ-साथ जांच रिपोर्ट की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। लैब के बाहरी हिस्से में दो अलग कैबिन बनने से सैंपल कलेक्शन में आसानी होगी वहीं दूसरा रिपोर्ट वितरण के लिए भी केवल स्टाफ ही रहेगा और काम की गति बढ़ेगी।

### बदलाव लैब की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर सुविधा देगा : डा. अजय चालिया

*नागरिक अस्पताल लैब संचालक डा. अजय चालिया ने बताया कि लैब के अंदर मरीजों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए कार्य योजना तैयार की है। योजना के अनुसार रिपोर्टिंग और सैंपलिंग के लिए लैब के बाहर केबिन बनाया जाएगा। रिपोर्ट डिलीवरी केबिन में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी लगाने का विचार है ताकि मरीजों को अपनी बारी का पता आसानी से चल सके। यह बदलाव लैब की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों को भी बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।*

- **इस समय लैब के अंदर से ही सैंपलिंग और रिपोर्टिंग का होता है कार्य**
- **लोगों की आवाजाही लैब में होने से काम तथा रिपोर्टिंग कार्य होता है प्रभावित**

RAMA CAREER INSTITUTE
सचिवालय के सामने, कोर्ट रोड, कैथल
RAMA
Educating For Better Tomorrow....
JEE/IIT/NEET
Foundational/competition Class,
Integrated Classroom
Drop Out Batch Starts....
Rama Institute Kutabpur
Courses
GNM 3 Years, 10+2 Pass
ANM 2 Years, 10+2 Pass
B.Ed. 2 Years, Graduation
ITI Electrician, Fitter, Welder
Yuvraj Institute Batta
Courses
D.Pharma 2 Years, 10+2 (Science)
B.P.Ed. 2 Years, Graduation
MPHW(M) 2 Years, 10+2 Pass
ITI Electrician, Wireman, Plumber
Rama Sr. Sec. School
Aff. to HBSE Board, Nur. to 12th
Yuvraj Public School
Aff. to CBSE Board, Nur. to 12th
98121-51923, 99927-71695

**खबर संक्षेप**



राजौंद। नगरपालिका सचिव नरेंद्र शर्मा दुकानों की बोली संबंधी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राजौंद में 23 को होगी दुकानों की खुली बोली

**राजौंद।** नगरपालिका राजौंद के सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शापिंग कम्प्लेक्स में निर्मित 32 दुकानों की खुली बोली,जो पहले 16 जून 2026 को प्रस्तावित थी, प्रशासनिक कारणो के चलते रद्द कर दी गई थी। अब यह बोली प्रक्रिया 23 जून 2026, मंगलवार को प्रातः 11बजे नगरपालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सचिव नरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को बोली शुरू होने से पहले निर्धारित रिफंडेबल सिक्योरिटी नकद तथा नॉन-रिफंडेबल सिक्योरिटी डिमांड ड्राफ्ट/नकद के रूप में जमा करवानी अनिवार्य होगी। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अश्विनी कुमार, एसआई प्रदीप कुमार, प्रदीप ढांडी, प्रवीण कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### किसान सम्मान निधि की किस्त आज जारी होगी

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डॉ. रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून 2026 को सायं 3: 45 बजे पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से आयोजित किसान सम्मान समारोह के दौरान योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। उन्होंने जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की कि वे 20 जून को दोपहर 3ः30 बजे कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल पहुंचकर प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम में भाग लें और इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। जो किसान कृषि विज्ञान केंद्र नहीं पहुंच सकते, वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, फेसबुक तथा एक्स के माध्यम से भी देख सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से कार्यक्रम से जुड़ने और योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत डीसी ने किया निरीक्षण

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे : डीसी डा. वैशाली शर्मा

- हैबतपुर में स्थापित बूथ नंबर 29 व 30 का लिया जायजा, मतदाताओं से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। निरीक्षण करतीं हुईं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान के अंतर्गत हैबतपुर गांव के बूथ नंबर 29 व 30 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण एवं मतदाता सत्यापन कार्य का जायजा लिया तथा बूथ के मतदाताओं से सीधे संवाद कर अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ चुनाव तहसीलदार प्रदीप कुमार सरोहा, उपायुक्त के निजी सचिव प्रवीण प्ररूथीए वार्ड नंबर 29 के बूथ अधिकारी महेंद्र सिहाग तथा वार्ड 30 की ज्योति रानी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न मतदाताओं से बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि गणना प्रपत्र सही व्यक्तियों तक पहुंच रहे हैं तथा मतदाता सूची में शामिल होने योग्य प्रत्येक नागरिक का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से उनके स्थायी निवासए मतदान केंद्र और पूर्व में मतदान करने संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि जो भी मतदाता अपना फार्म भर कर देते है उन्हें निर्धारित समयावधि मे जमा करवाएं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर पहुंच रहे बीएलओज का सहयोग करें और फार्म में दी गई जानकारी पूर्ण कर बीएलओ को सुपुर्द करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे नागरिकों को नियमानुसार आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र अथवा दोहरे पंजीकरण जैसी त्रुटियों को दूर करना है। इसके लिए बीएलओए सुपरवाइजर और निर्वाचन विभाग की टीमें पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध करा कर इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करेंए ताकि जिले की मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सके।

**बिजली निगम कार्यालय पहुंचे तीन गांव के लोग**

# उचाना में खेतों की बिजली ठप होने पर भड़के किसान



अलेवा। किसानों की समस्या सुनते एसडीओ जोजो तनेजा।

**किसानों ने लाइनमैन के तबादले की मांग उठाई, एसडीओ ने दो दिन में समाधान का दिया आश्वासन**

**अलेवा।** खेतों की बिजली लाइन लंबे समय से ब्रेकडाउन रहने से किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। खरकभूरा, अलीपुरा और करसिंधु गांवों के किसान बिजली निगम कार्यालय पहुंचे और समस्या के समाधान की मांग की। किसान कार्यालय पर ताला लगाने के इरादे से पहुंचे थे, लेकिन एसडीओ जोजो तनेजा द्वारा उनकी शिकायतें सुनकर जल्द समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद किसान शांत हुए। किसानों ने आरोप लगाया कि खेतों की बिजली लाइन पिछले काफी समय से बंद पड़ी है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। किसानों का कहना है कि हाल ही में आए तूफान के दौरान टूटे बिजली पोल भी अब तक नहीं बदले गए हैं, जिसके कारण धान की पौध सूखने लगी है। किसान कपिल ने बताया कि अलीपुरा, खरकभूरा और करसिंधु गांवों की एपी लाइन करीब काफी समय से खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित लाइनमैन न तो फोन उठाता है और न ही मौके पर पहुंचता है। एसडीओ और एक्सईएन को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब दो हजार एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इस लाइन पर निर्भर है । लाइनमैन के खिलाफ लगभग 20 बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### पोल बदलने के निर्देश दिएः एसडीओ जोजो तनेजा

इस मामले में एसडीओ जोजो तनेजा ने कहा कि हाल के तूफानों में बड़ी संख्या में बिजली पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हुई। ठेकेदार से बातचीत कर टूटे हुए पोल बदलने के निर्देश दिए गए हैं तथा बिजली आपूर्ति जल्द बहाल कर दी जाएगी। एसडीओ ने दावा किया कि अगले दो दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों द्वारा लाइनमैन के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलने के बाद उसे रिलीव करने के लिए पत्र भेज दिया गया है। संबंधित लाइनमैन मूल रूप से गुरुग्राम में कार्यरत है और यहां अस्थायी आदेशों पर तैनात था।

# रेल यात्रियों को पानी पिला युवाओं ने कमाया पुण्य

- युवाओं ने अपने जेब खर्च से बनाया मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रेलवे जंक्शन जींद पर पानी पिलाते हुए ग्रुप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भीष्ण गर्मी को देखते हुए मंकी सेवा ग्रुप तथा दैनिक रेलवे यात्री संघ सदस्यों ने संयुक्त रूप से रेलवे जंक्शन पर प्यासे रेल यात्रियों को पानी पिलाने का काम किया। आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को बोतलों के माध्यम से पानी भी पहुंचाया। पानी की सेवा के लिए पहले मंकी सेवा ग्रुप के सचिन, शिवम, दीपक, पंकज, केशव, हर्ष, अभिषेक, कान्हा, उमेश, सन्नी, नीता चुघ ने अपनी जेब खर्च से रुपये इकट्ठे किए और मीठे पानी की छबील के लिए सामान इकट्ठा किया और फिर पूरी तन्मयता से मीठा पानी बनाया। सभी युवाओं ने इसमें सहयोग दिया। सचिन ने कहा कि गर्मी के मौसम में रेल यात्रियों को ठंडा व मीठा पानी मिले, इसके लिए ग्रुप सदस्य आए दिन सेवा कर रहे हैं। ग्रुप की समाजसेवा केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को यह सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। हमें एक-दूसरे के अंदर सहयोग की भावना को जगाना है, इसी उद्देश्य को लेकर युवाओं ने रेल यात्रियों को पानी पिलाने की सोची ताकि समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित किया जा सके और युवाओं के अंदर सद्भावना की प्रेरणा जागृत हो। पानी पिलाने के दौरान सभी युवा प्लास्टिक के गिलास भी इकट्ठा करते रहे ताकि प्रदूषण न फैले।

# जल संरक्षण अभियान के तहत भौंसला में 24 उपभोक्ताओं को नोटिस, 8 अवैध कनेक्शन काटे

- आने वाले दिनों में भी विभिन्न गांवों में औचक निरीक्षण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग टीम जल संरक्षण को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने गुरुवार को भौंसला गांव में औचक निरीक्षण कर पानी की बर्बादी करने वालों तथा अवैध जल कनेक्शन धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।अभियान के तहत पानी की अनावश्यक बर्बादी, अवैध कनेक्शन और विभागीय नियमों की अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए 24 लोगों को नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा 8 उपभोक्ताओं के अवैध या नियम विरुद्ध पाए गए जल कनेक्शनों को मौके पर ही काट दिया गया। जेई गोविंद ने बताया कि बढ़ती गर्मी और जल संकट की संभावनाओं को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पानी का सदुपयोग करे और इसकी एक-एक बूंद को बचाने का प्रयास करे। जिन उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें निर्धारित समय के भीतर अपना पक्ष रखने और नियमों का पालन करने का अवसर दिया जाएगा। नियमों की अवहेलना जारी रहने पर उनके खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध कनेक्शन लेने या जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की छेड़छाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विभाग आने वाले दिनों में भी विभिन्न गांवों में औचक निरीक्षण कर ऐसे मामलों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। इस दौरान गांव के सरपंच नसीब तथा कुशल बीआरएसी मौजूद रहे।

# रेलवे रोड टी पॉइंट पर चाकू से हमला, एक गंभीर व दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- रेलवे जंक्शन पर रात को चाय पी कर वापस लौट रहे थे तीनों घायल
- अज्ञात तीन युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, मामला दर्ज

रेलवे रेलवे रोड टी प्वायंट पर बीती रात तीन अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जबकि दो को मामूली चोटें आई हैं। घायल की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला किया है। ओम नगर निवासी रमन (22) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात वह अपने दोस्त सुनील तथा प्रिंस के साथ रेलवे जंक्शन पर चाय पीने गया हुआ था। वापसी के दौरान तीनों रेलवे रोड टी प्वायंट पर पहुंचे तो तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपितों ने उन्हें स्मैकी कहा। जिस पर उन्होंने स्मैकी न होने की बात कही। जिस पर युवकों ने उनके साथ गाली गलौज तथा मारपीट शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो एक युवक ने चाकू निकाल कर उसके हाथ, पेट तथा सिर पर वार कर दिए। जिसमें वह घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर तीनों आरोपित फरार हो गए। मारपीट में उसके दोस्त सुनील तथा प्रिंस को हलकी चोटें आई। तीनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने रमन की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। शहर थाना पुलिस ने रमन की शिकायत अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ तेजधार हथियार से जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना के जांच अधिकारी भगवत दयाल ने बताया कि युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने की शिकायत मिली थी। फिलहाल तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ब्लाक कमेटी सदस्यों ने मांगों को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

- निर्माण मजदूरों का पोर्टल सुचारू तौर पर खोलने की मांग की

माकपा की ब्लाक कमेटी सदस्यों द्वारा निर्माण मजदूरों के पोर्टल पर लगाई अनावश्यक शर्ते हटाने, मनरेगा मजदूरों को इसमें शामिल करने व मजदूर विरोधी शर्तो को समाप्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को पार्टी के ब्लाक सचिव करतार लोहान के नेतृत्व में सरकार के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ओंकार दत्त शर्मा को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूरों का पोर्टल सुचारू तौर पर खोला जाए व अनावयशक शर्तो को हटाया जाए। मनरेगा मजदूरों को भी निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की योजनाओं में शामिल किया जाए। पंजीकरण व नवीनकरण के लिए लगाई गई अनाप-शनाप मजदूर विरोधी शर्तो को तुरंत समाप्त किया जाए। पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस की बढ़ी हुई कीमतों को वापिस लिया जाए व आवश्यक वस्तुओं की कीमत पर नियंत्रण किया जाए। प्रदेश में बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए स्थाई रोजगार के अवसर पैदा किए जाएं व पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन को समाप्त कर कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए। नई पेंशन योजना को समाप्त कर पूरानी पेंशन योजना ओपीएस बहाल की जाए। बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने योजना वापिस ली जाए व बिजली के नीजिकरण पर रोक लगाई जाए। बिजली निगम को एग्रो डिस्काम कंपनी को देना बंद करे। किसानों के लिए अलग निगम बनाने के फैसले को वापिस लिया जाए। बिजली पर दी जा रही सब्सिडी जारी रखी जाए। प्रदेश के सभी मजदूरों को घोषित न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए व श्रम कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए। शिक्षा व स्वास्थ्य के नीजिकरण पर रोक लगाई जाए व इन सेवाओं को मजबूत किया लाए। इस मौके पर प्रताप नंबरदार अलेवा, जयसिंह, राममेहर, राजकुमारी व सत्यवान समेत कई मजदूर मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक प्रभावी विकल्प बन कर उभर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जुलहेड़ा में खेत बचाओ अभियान एवं प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय नरवाना द्वारा एटीएम डा. पुनीत के मार्गदर्शन में गांव जुलहेड़ा में खेत बचाओ अभियान एवं प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल बचत तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. पुनीत ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार कम हो रही है तथा उत्पादन लागत बढ़ रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक प्रभावी एवं टिकाऊ विकल्प बन कर उभर रही है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन एवं वाफसा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**तैयारी** | **एसआईआर अभियान को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक**

# अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें : अत्री

उचाना के विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। एसआईआर अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

15 जून से शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक अत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें तथा ऐसे नागरिकों की जानकारी जुटाएं जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया जाए।

### कहा-पात्र व्यक्तियों के नाम ही मतदाता सूची में शामिल रहें

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि केवल पात्र व्यक्तियों के नाम ही मतदाता सूची में शामिल रहें। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो पात्र है उसका वोट रहना नहीं चाहिए और जो पात्र नहीं है उसका वोट बनना नहीं चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ काम करने की आवश्यकता है। बैठक में एसआईआर अभियान के तहत चल रही प्रक्रियाओं, फार्म भरने, संशोधन, नाम जोडऩे और हटाने से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों और समय-सीमा की जानकारी दें ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में राष्ट्रीय पठन दिवस का शुभारंभ

- विद्यार्थियों ने ली पठन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। पीएम श्री केवि बुडायन में आयोजित कार्यक्रम। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में शुक्रवार को प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रीय पठन दिवस की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शिक्षिका निधि शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पढऩे की शपथ दिलाई। उन्होंने राष्ट्रीय पठन दिवस के जनक पीएन पाणिक्कर के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी पुण्यतिथि पर पूरे देश में राष्ट्रीय पठन दिवस मनाया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों को 19 जून से जुड़े इतिहास, साहित्य, समाज और खेल जगत की महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। छात्र अमानत ने एक प्रेरणादायक कहानी सुनाई। इसके बाद शिक्षक घनश्याम ने विद्यार्थियों को पानी के महत्व और जल संरक्षण के बारे में बताया। प्राचार्य सुरेंद्र ने विद्यार्थियों को मेहनत करने, आलस्य से दूर रहने और अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नियमित पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करने का संदेश दिया। विद्यालय में 19 जून से 25 जून तक कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें कहानी सुनाना, पुस्तक पढऩा, पुस्तक समीक्षा, प्रश्नोत्तरी, भाषण और अन्य रचनात्मक कार्यक्रम शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नशे के दुष्परिणाम के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा जिले भर में नशा जागरूकता अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। इसी कड़ी में एंटा नारकोटिक सैल-टू प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई मनोज, एचसी दिनेश की टीम द्वारा कलायत क्षेत्र के गांव मटौर, शिमला, पिंजुपुरा व बाता में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### शिविरों में प्राप्त शिकायत का समाधान करें : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का पूरी गंभीरता के साथ समयबद्ध निपटारा किया जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता को एक ही समस्या के समाधान के लिए बार-बार शिकायत दर्ज कराने या कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। डीसी शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थीं।

### प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज में छूट की अंतिम तिथि 30

**सीवन।** नगर पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से 30 जून तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर सरकार द्वारा दी जा रही ब्याज में छूट योजना का लाभ उठाने की अपील की है। इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका कार्यालय शनिवार और रविवार को भी खुला रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग समय रहते अपना टैक्स जमा करवा सकें। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स पर लगने वाले ब्याज में विशेष छूट प्रदान की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है।

### एसडीएम ने ली बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक

**कलायत।** कलायत एसडीएम अजय हुडा ने हरियाणा राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अति महत्वपूर्ण कार्य को तिथिबद्ध किए जाने के लिए गतिशीलता से कार्य पूर्ण करने की रूप रेखा तय कर रखी है। सूची को त्रुटिहीन किये जाने के लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों की एक मीटिंग राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कलायत के प्रांगण में हुई। एसडीएम ने बीएलओ से बातचीत की।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** जिले के गांव रसीना से चोर ट्रांसफार्मर से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। इस संबंध में बिजली निगम पुंडरी के उप मंडल अभियंता बलवान मेहरा ने पुंडरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोर गांव रसीना के खेतों में रखे ट्रांसफार्मर से तार, तेल व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 64815 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन दिवसीय जन कल्याण शिविरों का समापन

**कैथल।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविरों का शुक्रवार को समापन हो गया। डीसी अपराजिता के दिशा-निर्देश तथा एसडीएम संजय कुमार, एसडीएम अजय हुड्डा और एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन में शिविरों का आयोजन किया गया। कैथल में शिविर का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया गया, जबकि पूंडरी, कलायत और गुहला-चीका में बीडीपीओ कार्यालयों में जन कल्याण शिविर लगाए गए। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरल और शीघ्रता से पहुंचाना है।

## क्रांतिकारी युवा संगठन ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# नीट पेपर लीक के मुद्दे को लेकर कलायत में नेशनल हाइवे पर किया प्रदर्शन

*युवाओं का परीक्षा प्रणाली व सरकारी संस्थाओं पर से भरोसा उठ रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

नीट पेपर लीक सहित विभिन्न गंभीर मुद्दों को लेकर शुक्रवार को कलायत में क्रांतिकारी युवा संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम अजय हुड्डा माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के सदस्य रोष प्रदर्शन करते हुए उप मंडल मुख्यालय पहुंचे और परिसर में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाया। कलायत इकाई प्रधान अश्वनी, प्रदीप, विक्रम, कुलदीप, रवि, मोहित, विकास व अन्य ने कहा कि देश भर में लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। बार-बार होने वाले पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता और परीक्षा प्रणाली की विफलता तैयारी में जुटे युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय कर रही हैं। इन घटनाओं से युवाओं का परीक्षा प्रणाली व सरकारी संस्थाओं पर से भरोसा उठ रहा है। लगातार बढ़ती फीस, निजीकरण व व्यवसायीकरण ने गरीब एवं मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं तक पहुंच को कठिन बना दिया है। इसके साथ ही देश में लाखों सरकारी पद वर्षों से खाली पड़े हैं। इससे युवाओं में बेरोजगारी व निराशा लगातार बढ़ रही है।



कलायत। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते युवा संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सीबीआई से निष्पक्ष व समयबद्ध जांच करवाई जाए

इकाई प्रधान अश्विनी ने कहा कि क्रांतिकारी युवा संगठन मांग करता है कि नीट 2026 पेपर लीक मामले की सीबीआई से निष्पक्ष व समयबद्ध जांच करवाई जाए। दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। परीक्षा घोटाले की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। परीक्षा घोटालों व पेपर लीक मामलों पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। दोषियों की संपत्ति जब्त करने सहित कठोर दंड का प्रावधान किया जाए। देश भर में छात्रों को समान, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जाए। केंद्र व प्रदेश के वर्षों से रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए। नियमित भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं के लिए वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाए। ताकि युवाओं को समय पर भर्ती और परीक्षाओं की जानकारी मिल सके। पेपर लीक के कारण प्रभावित छात्रों को न्याय दिया जाए और इस तरह की पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जाए। एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि ज्ञापन को मूल स्वरूप में महामहिम राष्ट्रपति तक पहुंचा दिया जाएगा।

# पूंडरी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी शहर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पीला पंजा चलाया। प्रशासन की टीम ने करनाल रोड पर स्थित करीब दो एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी और पूंडरी-ढांड रोड पर करीब चार एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनी में जेसीबी मशीनों की मदद से कार्रवाई की। इस दौरान कॉलोनियों में बनाई गई सड़कों को उखाड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका सचिव मोहनलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। वहीं पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। अवैध कॉलोनियों पर हुई इस कार्रवाई को लेकर पूंडरी शहर में दिनभर चर्चाएं रहीं। लोगों का कहना है कि जब कॉलोनियों में प्लॉट खरीदे जाते हैं तो आम आदमी अपनी जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदता है। कई बार कॉलोनाइजर लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर प्लॉट बेच देते हैं और बाद में प्रशासन की कार्रवाई का सामना आम लोगों को करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि यदि कॉलोनियां अवैध होती हैं तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की जाती और रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया कैसे पूरी हो जाती है।



पूंडरी। पूंडरी में अवैध कालोनियों पर चल रही जेसीबी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रपत्र बांटने में तीसरे स्थान पर कैथल

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 राज्यों एवं तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कैथल जिले में इस अभियान का गणना चरण 15 जून से प्रारंभ हो चुका है और शुक्रवार शाम तक करीब 64 प्रतिशत प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। यह जिले के लिए अच्छी बात है कि हम अभी प्रपत्र वितरित करने के मामले में पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर हैं। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। इससे पहले वीसी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सभी जिला उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के बीएलओ सहित इस कार्य में लगे भी अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत के बल पर 5 लाख 24 हजार 862 प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं।



कैथल। एसआईआर को लेकर बैठक लेती डीसी अपराजिता।



कलायत। नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठकर नारेबाजी करते पार्क कर्मी।

### कलायत नपा में पांच माह से वेतन न मिलने पर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे पार्क कर्मी

**कलायत।** कलायत नगर पालिका के अधीन आने वाल सात पार्कों के रखरखाव कार्य से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न पार्कों में कामकाज पूरी तरह बंद रखकर नगर पालिका कार्यालय परिसर में धरना दिया। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सभी 9 कर्मियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना था कि पार्कों के रखरखाव का कार्य टेंडर के माध्यम से एक निजी एजेंसी को दिया गया है। एजेंसी द्वारा लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा। इसके बावजूद संबंधित विभागों और अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कर्मचारियों ने इसे उनके साथ अन्याय बताते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

# चाइल्ड वेलफेयर कमेटी कार्यालय में किया वाटर कूलर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सांसद नवीन जिन्दल की ओर से कैथल जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज चाइल्ड वेलफेयर कमेटी कार्यालय में वाटर कूलर का उद्घाटन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन भीम अग्रवाल और सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने किया। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा जनसेवा के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी कार्यालय में लगा वाटर कूलर आमजन, विशेषकर बच्चों और उनके परिजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। सांसद नवीन जिन्दल समाज के हर वर्ग की जरूरतों को समझते हुए धरातल पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन भीम अग्रवाल ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में क्षेत्र में जनसुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।



कैथल। पूर्व आईएएस धर्मवीर सिंह वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए।

## न्यूज डायरी

### मजदूर का मकान ढहा, हादसे में परिवार बचा

**कलायत।** कलायत के गांव जुलानी खेड़ा में एक मजदूर परिवार पर उस समय मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा जब उनका कच्चा मकान अचानक ढह गया। हादसे में परिवार की बुजुर्ग महिला और गृहिणी बाल-बाल बच गईं। ग्रामीणों के अनुसार मकान गिरने से परिवार बेघर हो गया है व बच्चों सहित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। प्रभावित मजदूर रणधीर ने बताया कि मकान को हाल ही में आए तेज तूफान और बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा था। छत और दीवारों में दरारें पड़ गई थीं। वीरवार सुबह अचानक मकान भरभराकर गिर गया।

### डीसी ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**कैथल।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित ज्ञान दान बुक बैंक अभियान को निरंतर जनसहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में डीसी अपराजिता ने उन अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने ज्ञान दान बुक बैंक के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें दान कर इस सामाजिक अभियान को मजबूत बनाया। डीसी अपराजिता ने सभी सम्मानित अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तक दान एक ऐसा महादान है, जो किसी जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदल सकता है।

### 22 जून को करेंगे जिला सचिवालय पर प्रदर्शन

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ अमरनाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल शर्मा,वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया,संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, प्रैस प्रवक्ता मदन गोपाल, ऑडिटर कर्मचंद केसर, कार्यालय गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह, गुरुदेव जांगड़ा, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप, मस्त राम शास्त्री, संदीप जालंधरा,जयभगवान चौहान व जितेंद्र नेहरा ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश में चल रहा गहन पुनः निरीक्षण का कार्य जहां शिक्षा व्यवस्था के लिए आघात का कार्य कर रहा है।

### 25 जून को मनाई जाएगी निर्जला एकादशी

**राजौंद।** आचार्य पंडित संजय शर्मा ने बताया कि अब की बार अधिक मास होने के कारण ज्येष्ठ मास की निर्जला एकादशी 25 जून को मनाई जाएगी निर्जला एकादशी के देरी से आने के मुख्य कारण बारे बताया कि हिंदू कैलेंडर में इस साल 'अधिक मास' (पुरुषोत्तम मास) के जुड़ जाने के कारण सभी व्रत और त्योहार थोड़े आगे खिसक गए हैं। आचार्य ने एकादशी के महत्व बारे में जानकार 25 जून की निर्जला एकादशी भगवान श्री हरि विष्णु की कृपा पाने के लिए अत्यंत फलदायी हैं।

### मिड डे मील कार्यकर्ताओं का 24 को प्रदर्शन

**ढांड।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा द्वारा 24 जून को भिवानी में राज्य स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी यूनियन की जिला संयोजक संतोष देवी ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, दूध तथा अन्य घरेलू आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली मिड डे मील कार्यकर्ताओं के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता स्कूल खुलने से लेकर छुट्टी होने तक अपनी सेवाएं देती हैं, लेकिन उन्हें न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है और न ही राज्य सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन का लाभ मिल रहा है।

### तालाब पर अवैध कब्जों को लेकर महिला लगा रही चक्कर

**अलेवा।** गांव नगूरां निवासी एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर धनखेड़ी लिंक मार्ग के समीप बने मालीवाल तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे करने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सीएम विंडो, डीसी जींद, एसडीएम उचाना तथा बीडीपीओ अलेवा को दी है। शिकायत के बावजूद भी अभी तक तालाब पर बने अवैध कब्जे ज्यों के त्यों है। नगूरां निवासी महिला परमजीत ने बताया कि नगूरां गांव स्थित तालाब की जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मकान बना लिए हैं और गोबर, उपले और कूड़ा कर्क ट डालकर कब्जा कर रखा है।

### प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान : डॉ. सतीश नारा

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित जन जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जिला के छह गांवों डोहर, कैलरम, कुराड़, ग्योंग, नरड़ और सेरधा में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ. रविंद्र हुड्डा के मार्गदर्शन तथा उपमंडल कृषि अधिकारी (कैथल) डॉ. सतीश कुमार नारा के नेतृत्व में किया गया।

### बढ़ता नशा बना चोरी की घटनाओं का कारण

**पूंडरी।** गांव फरल में बढ़ता नशे का प्रचलन अब ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नशे की गिरफ्त में आए कुछ युवक अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। गांव में आए दिन कहीं न कहीं चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। विशेषकर मंदिरों, धर्मशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर चोरी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुनी प्रकाश ने गांव में बढ़ रही चोरी और नशे की समस्या पर रोष जताते हुए कहा कि इस संबंध में कई बार पुलिस प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसी मामले को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी कैथल से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा।
गुनी प्रकाश ने कहा कि गांव फरल में पिछले काफी समय से विभिन्न प्रकार के नशे का प्रचलन बढ़ रहा है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निशा रही प्रथम

**राजौंद।** भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बीते 12 वर्षों की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय, राजौंद में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं जागरूकतापरक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में रचनात्मकता, सामाजिक सरोकारों की समझ और सरकारी योजनाओं का प्रभावी चित्रण देखने को मिला, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रोहताश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।

## निशानदेही के आधार पर होंगे बड़े कदम, 125 से अधिक नए नोटिस जारी करने की तैयारी

# तालाबों और सरकारी भूमि से हटेंगे अवैध कब्जे

*नगर पालिका ने तेज की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर में तालाबों और नगर पालिका की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने अभियान को और तेज कर दिया है। उपायुक्त कैथल के निर्देशों पर राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न तालाबों की राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार निशानदेही की जा रही है। इस कार्रवाई का उद्देश्य सरकारी भूमि और जल स्रोतों पर हुए अवैध कब्जों की पहचान कर उन्हें हटाना है। कानूनगो सुभाष चंद, पटवारी सोनू सैनी तथा नगर पालिका के जेई सोनू कुमार ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर तालाबों की सीमाओं का निर्धारण किया और उनका मिलान राजस्व अभिलेखों से किया। अधिकारियों ने मौके पर वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। नगर के विभिन्न तालाबों की राजस्व अभिलेखों के अनुसार निशानदेही करवाई जा रही है। राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर सीमाओं का निर्धारण कर रही है ताकि सरकारी भूमि का सही रिकॉर्ड सुनिश्चित किया जा सके। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार तालाबों और सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिए पहले ही 238 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इन मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया लगातार जारी है। ताजा निशानदेही रिपोर्ट के आधार पर 100 से अधिक नए नोटिस जारी किए जाने की तैयारी है। अवैध कब्जाधारियों को पहले स्वेच्छा से कब्जा हटाने का अवसर दिया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि तालाब और जल स्रोत भविष्य की जरूरत हैं। इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराना केवल सरकारी कार्रवाई नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। नगरवासियों का मानना है कि तालाबों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी।



सीवन। तालाबों की भूमि की निशानदेही करते अधिकारी।

### 125 नए नोटिस होंगे जारी

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि तालाबों की निशानदेही करवाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया था, जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरू की गई। उन्होंने कहा कि निशानदेही रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जिन लोगों द्वारा तालाबों या नगर पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया पाया जाएगा, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी तालाबों और नगर पालिका की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए 238 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब नई रिपोर्ट के आधार पर 125 से अधिक अतिरिक्त नोटिस जारी करने की तैयारी चल रही है। प्रशासन पहले लोगों को स्वयं कब्जा हटाने का अवसर देगा, लेकिन निर्धारित समय सीमा के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### महिलाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

**कैथल।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस एवं जिला कैथल महिला कांग्रेस समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रज्ञा पाशा जैन के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। यह बैठक राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला एवं अलका लांबा, पर्ल चौधरी के नेतृत्व में कैथल में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान अनेक महिलाओं ने वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं महिलाओं से जुड़े मुद्दों से निराश होकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में विश्वास व्यक्त किया तथा महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं 2681302N रैंक हवलदार नाम कौशल्या पत्नी पंजाब सिंह निवासी जनकपुरी कॉलोनी, तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) घोषणा करती हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी आश्रित का नाम अंजू बाला के रूप में गलत दर्ज है। जबकि मेरी आश्रित का वास्तविक नाम अंजू है। कृपया मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी आश्रित का नाम अंजू किया जाए।

## खबर संक्षेप

### मंदिर के कैमरे बंद कर चांदी का कड़ा निकाला

**जींद।** गांव रोहड़ मंदिर के सीसी टीवी कैमरे बंद कर हमला कर व्यक्ति को घायल करने दिया और चांदी का कड़ा निकाल लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच लोगों को नामजद कर एक अन्य खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### महिला से दुष्कर्म, बेटी से की अश्लील हरकत

**जींद।** उचाना थाना इलाके में महिला के साथ दुष्कर्म करने तथा उसकी नाबालिग लड़की के साथ मारपीट करने और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मारपीट करने, अश्लील हरकत करने तथा आठ पाक्सो एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस से शिकायत की थी। घटना 11 जून को घटी थी।

### बाहर खड़ी तीन गाड़ियों के शीशे तोड़े

**जींद।** पटियाला चौक इलाके में बीती रात तीन अज्ञात युवकों ने अलग-अलग तीन स्थानों पर बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। आरोपितों ने गाली गलौज भी की। शहर थाना पुलिस ने गाड़ी मालिकों की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चंद्रलोक कालोनी निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी गाड़ी को गली में खड़ा किया था। रात को तीन युवकों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। अपोलो रोड निवासी विकास तथा शिवपुरी कालोनी निवासी अमित ने भी अपनी गाड़ियां बाहर खड़ी की थी।उन्ही बाइक सवार युवकों ने उनकी गाडिय़ों के शीशे तोड़ डाले। तीनों युवक तीनों स्थानों पर वारदातों को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व पायलट रिहर्सल

**उचाना।** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत शुक्रवार को उचाना मंडी फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास स्थित नई अनाज मंडी में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल में एसडीएम रमित यादव, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेन्द्र खरकभूरा, बीडीपीओ शमशेर नैन, नोडल अधिकारी डॉ. चेतना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। योगाचार्य कुलदीप, कुलदीप, गुरमीत के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।

### योग दिवस की तैयारियां पूर्ण : तिलक सचदेवा

**नरवाना।** भारतीय योग संस्थान इकाई नरवाना के सदस्य तिलक सचदेवा ने बताया कि 21 जून को भारतीय योग संस्थान इकाई नरवाना एवं शहर की दूसरी संस्थाएं मिलकर कर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। जिसका समय सुबह पांच बजे से सात बजे तक रहेगा। तिलक सचदेवा ने बताया कि तैयारिया पूर्णतरू पूरी हो चुकी हैं।

### 11,083 शिकायतों में से 8,896 का निपटान

**जींद।** शिकायतों के समाधान में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समाधान प्रकोष्ठ, जनसंवाद एवं सीएम विंडो पोर्टलस सीधे आमजन की समस्याओं के समाधान से जुड़े हैं। इसलिए प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में 11,083 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8,896 का निपटान किया जा चुका है।

### अलेवा में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**अलेवा।** आयुष विभाग, खंड प्रशासन व खेल विभाग के द्वारा अलेवा के अनाज मंडी में शुक्रवार को 21 जून को आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पायलट रिहर्सल करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा. अशोक सैनी ने की। इसमें विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

---

वर्षों से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को मिलेगी राहत

# मांडी कलां में पेयजल संकट होगा दूर, 22 लाख की लागत से लगेगा सबमर्सिबल

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

उचाना हलके के गांव मांडी कलां में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम जन स्वास्थ्य विभाग ने उठाया। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा गांव में सबमर्सिबल लगाने के लिए स्वीकृति दिलवाई गई है, जिस पर लगभग 22 लाख रुपये की लागत आएगी। छात्तर मंडल अध्यक्ष श्रवण मांडी ने ग्रामीणों की मौजूदगी में सबमर्सिबल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया।

**विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूरा किया अपना वादा**

श्रवण मांडी ने कहा कि गांव के लोग कई वर्षों से पीने के पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। विशेषकर गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढने पर स्थिति और अधिक खराब हो जाती थी। कई बार ग्रामीणों और पंचायत ने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के समक्ष समस्या उठाई, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। गांव में सबमर्सिबल और बूस्टिंग स्टेशन की मांग को लेकर ग्रामीण पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, प्रेमलता तथा दुष्यंत चौटाला से भी मिले थे, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिले।



उचाना। मांडी में सबमर्सिबल कार्य का शुभारंभ करते हुए छात्तर मंडल अध्यक्ष श्रवण मांडी एवं ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

श्रवण मांडी ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने गांव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सबमर्सिबल लगाने का वादा किया था, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह कार्य पूरा होने के बाद गांव में पेयजल आपूर्ति में बड़ा सुधार आएगा और लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। इस मौके पर प्रदीप मोर, वीरेंद्र मोर, खुशीराम मोर, ओमप्रकाश जांगड़ा, रामराज शर्मा, रामनिवास शर्मा, रिंकू वाल्मीकि, दलबीर गांधी, पूर्व सरपंच कांता, राकेश सैन, सत्यवान प्रजापत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लोगों ने विधायक का जताया आभार

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई हिस्सों में जलघर होने के बावजूद पीने का पानी नहीं पहुंच रहा था। विशेष रूप से संडील रोड स्थित वाल्मीकि मोहल्ले के लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। गांव के अन्य हिस्सों में भी जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी। ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता से किया अपना वादा निभाया है। ग्रामीणों का मानना है कि सबमर्सिबल शुरू होने के बाद गांव में पेयजल संकट काफी हद तक समाप्त हो जाएगा और विशेषकर महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

---



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

- संघर्ष, सामाजिक न्याय और संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को देश के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह, जोश और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला महासचिव ;संगठनद्ध पवन दुहन ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा आम जनता के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाया है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया और किसानों, मजदूरों, युवाओंए महिलाओं तथा वंचित वर्गों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से रखा। उनके नेतृत्व ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया है। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोडऩेए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने की रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी जनसरोकारों के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगा। इस मौके पर वजीर गंगोली, राजू लखीना, राजेश पहलवान, धर्मपाल प्रधान, ईशाक भट्टी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# मेला मंडी ग्राउंड में हुआ योग पूर्वाभ्यास

- आयोजन में तहसीलदार विजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तहसीलदार विजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। आयुष विभाग के सौजन्य से आयोजित इस रिहर्सल में योग प्रशिक्षकों ने योग अभ्यर्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार नेकहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में योग का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहींए बल्कि एक प्राचीन भारतीय पद्धति हैए जो मनुष्य को मानसिकए शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित बनाए रखने में सहायक है। नियमित योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता हैए बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक आत्मविश्वास के साथ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को विशेष रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। शारीरिक कमजोरी और अनियमित जीवनशैली के कारण उत्पन्न होने वाली अनेक बीमारियों से बचने के लिए योग सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों, विशेषकर युवा छात्र.छात्राओं से आह्वान किया कि वे 21 जून को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें।



नरवाना। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले पायलट रिहर्सल का आयोजन हुआ।

### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को एंटी ड्रग्स सेल द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता पंजीकरण अभियान के तहत नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डा. वैशाली ने की। मुख्य तौर पर प्राचार्य मुनीष कुमार ने हिस्सा लिया। मंच संचालन प्रो. प्रदीप ने किया। कार्यक्रम के दौरान एंटी ड्रग्स सेल के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए ऐसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य होने के साथ ही उन्हें नशे जैसी जानलेवा आदतों से बचाना बेहद जरूरी है।

# जुलाना में योग के गुर सिखाए

- योग के फायदों के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

आयुष महानिदेशक के आदेश अनुसार आयुष विभाग जिला जींद द्वारा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में आज आयुष विभाग जींद द्वारा नई अनाज मंडी, जुलाना में पायलट रिहर्सल की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अक्षयदीप खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने शिरकत की, खंड स्तर के प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा अधिकारी, नायब तहसीलदार, सरपंच, पंच, अन्य निर्वाचित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी और स्काउट कैडेट्स तथा इच्छुक जनसाधारण को योग प्रशिक्षण करवाया गया। योगाभ्यास पूर्ण होने पर डा. कुसुम नोडल अधिकारी ब्लॉक जुलाना ने योगा के फायदों के बारे में जानकारी दी और प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया योग करने से हमे शांति मिलती है अगर हम प्रतिदिन योग का अभ्यास करते है तो जीवन में सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और सभी आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया व 21 जून के आयोजन में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कहा। इस आयोजन में आयुष विभाग से डा. कुसुम नोडल अधिकारी, डा. शिवम, डा. सोनिया, डा. दिक्षा, फार्मासिस्ट अमित, सुनील व ब्रीजेश्वरीए योग सहायक बलराज, संगीत, ज्योति, सोनू, मनीषा, शर्मीला मौजूद रहे।



जींद। योग करते हुए साधक। *फोटो: हरिभूमि*

---

# तालाबों को अवैध कब्जे से मुक्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

ग्राम पंचायतों के तालाबों पर बढ़ते अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शमशेर नैन (बीडीपीओ) उचाना ने सभी सरपंचों और ग्राम सचिवों को पत्र जारी कर गांवों में स्थित पंचायत तालाबों की निशानदेही करवाने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों के तालाबों पर अवैध कब्जों की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। साथ ही माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा भी तालाबों से अवैध कब्जे हटाने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। इसी के मद्देनजर उपायुक्त जींद द्वारा आयोजित बैठक में सभी गांव के तालाबों की निशानदेही करवाने के निर्देश दिए गए थे। बीडीपीओ नैन ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि पत्र प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने गांवों में स्थित तालाबों की निशानदेही करवाकर उसकी पालना रिपोर्ट खंड कार्यालय में प्रस्तुत करें। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि कार्य में किसी प्रकार की देरी या लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# नशा मुक्त हरियाणा थीम के साथ किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सफीदों उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सफीदों की नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन सफीदों खंड के चेयरमैन निर्वेर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फाइनल रिहर्सल में लगभग 550 प्रतिभागियों ने भाग लेकर योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग साधकों ने एकरूपता और अनुशासन के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर तहसीलदार राजेश गर्ग, नायब तहसीलदार संजय पराशर, आयुष विभाग के डा. संदीप सिंह, अशोक कुमार, सतीश कुमार, बीईओ सुरेश मलिक, आयुष विभाग की एमओ डा. ईशिता, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयुष विभाग की एमओ डा. इशिता एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी ने बताया कि उपमंडल स्तरीय 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को बड़े उत्साह से मनाया जाएगा।



जींद। शिविर में योग करते हुए साधक। *फोटो: हरिभूमि*

# नप अधिकारी 46 लाख बर्बाद करने पर आमादा : पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

नरवाना के वार्ड नंबर तीन के पार्षद आशुतोष शर्मा ने बताया कि नरवाना में लम्बे समय से खड्डों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व अन्य कच्ची गलियों का निर्माण नहीं हो रहा है। इसके विपरीत एक सड़क जो प्रेम कबाड़ी वाली गली के नाम से है का एक और टेंडर 46 लाख लागत का लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क का निर्माण बहुत जरूरी है। लेकिन इस सड़क व पूरे शहर में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉर्म वाटर की पाइप लाइन का कार्य होना है। जिसका टेंडर लगभग छह करोड़ रुपये जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा अलाट भी कर दिया है। इससे पहले भी लगभग 49 लाख की लागत से आधी सडक़ का निर्माण अभी तीन महीने पहले नगर परिषद द्वारा किया गया। जो सडक़ अब उखाडऩी पड़ेगी। लोगों के टैक्स का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। पहले जब इस सड़क का कार्य किया गया उस समय भी पार्षद आशुतोष शर्मा व प्रदीप मोर, विपुल नैन आदि कुछ पार्षदों ने अधिकारियों को सुझाव दिया था कि पाइप लाइन डालने के बाद ही इस जरूरी सड़क को बनाया जाए। बावजूद इसके नगर परिषद के अधिकारी अपनी तानाशाही रवैये से बाज नहीं आ रहे।

---

विकास के लिए करोड़ों का बजट मिलने के दावे हो रहे थोथे साबित

# शहर में बढ़ रहा अपराध, नहीं लग पा रहे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि शहर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये आने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि आज तक शासन और प्रशासन पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे तक नही लगवा पाया है। गोयल का कहना है कि अगर भिवानी रोड अंडरपास पर कैमरे लगे होते तो कल महिला से दिनदहाड़े कानों की बाली और मंगलसूत्र छीनने की हुई घटना का अभी तक कोई न कोई सुराग लग जाता। गोयल ने भिवानी रोड अंडरपास सहित पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। गोयल का कहना है कि भिवानी रोड अंडरपास के पास कल दिनदहाड़े एक बदमाशों द्वारा एक महिला से कुंडल और मंगलसूत्र छीन लिए गए। जिससे वह घायल भी हो गई। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षेत्र में पहले से प्रभावी निगरानी व्यवस्था होती और सीसीटीवी कैमरे लगे होते तो अपराधियों तक पहुंचना और भी आसान हो सकता था। इसलिए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आधुनिक सुरक्षा प्रबंध आवश्यक हैं।



जींद। भिवानी रोड अंडरपास जहां दिन में भी पूरा अंधेरा होता है।

### अंडरपास में तत्काल लगवाएं कैमरे

गोयल ने कहा कि यह मार्ग शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में शामिल है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएंए विद्यार्थीए कर्मचारी और आम नागरिक आवागमन करते हैं। गोयल ने कहा कि इस अंडरपास क्षेत्र में तत्काल उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके और अपराधियों की पहचान करने में पुलिस को सहायता मिल सके। इसके साथ-साथ गोयल ने अंडरपास के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की है। गोयल का कहना है कि यहां अंडरपास में रात की बात तो दूर दिन में भी पूरा अंधेरा होता है। इसके अलावा राजकुमार गोयल ने भिवानी रोड के साथ साथ पूरे शहर में भी सीसी टीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जनहित को देखते हुए इन सुझावों बारे शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा।



### सीएम व श्रम मंत्री के पुतलों की निकाली शव यात्रा

**जींद।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर लघु सचिवालय के निकट मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकाली गई। इससे पहले मजदूर पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की संयुक्त अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जिला एवं ब्लॉक प्रधान जोगेंद्र ईगराह तथा इंटक के नेता सतीश बड़ौदा ने की। पंचायत में गांवों और शहरी क्षेत्रों से निर्माण मजदूरों ने भाग लिया तथा हरियाणा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया। पंचायत को संबोधित करते हुए मजदूर नेताओं संदीप जाजवान, कपूर सिंह, रमेश चंद्र व धर्मबीर लोहान ने कहा कि पिछले लगभग एक वर्ष से श्रमिक कल्याण बोर्ड का पोर्टल बंद रहने के कारण लाखों निर्माण मजदूर योजनाओं के लाभ से वंचित रहे। मजदूरों के लगातार संघर्षों, धरनों, प्रदर्शनों और आंदोलनों के दबाव में सरकार ने पोर्टल तो खोल दिया लेकिन इसके साथ ऐसी अनेक अव्यावहारिक और अनावश्यक शर्तें लगा दी हैं। जिनके कारण आज भी बड़ी संख्या में पात्र मजदूर पंजीकरणए नवीनीकरण और योजनाओं के लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं।